# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 17 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 18 - 36 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 37 - 55 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 56 - 73 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 74 - 91 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 92 - 108 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 109 - 127 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 128 - 145 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 146 - 163 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 164 - 180 |

**1. निम्नलिखित प्रशस्तियों को उनके समयानुसार सुमेलित कीजिए–**

| | |
|---|---|
| **A. रणकपुर प्रशस्ति** | **1.1460 ई.** |
| **B. कुम्भलगढ़ प्रशस्ति** | **2.1594 ई.** |
| **C. राज प्रशस्ति** | **3.1439 ई.** |
| **D. बीकानेर प्रशस्ति** | **4.1676 ई.** |

**कूट–**
(a) A-3, B-1, C-4, D-2
(b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-1, B-2, C-3, D-4
(d) A-2, B-4, C-1, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. रावशाही सिक्कों का संबंध किस राज्य से है?**
(a) करौली (b) भरतपुर
(c) अलवर (d) धौलपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. कालीबंगा सभ्यता के संदर्भ में सबसे असत्य कथन का चयन करें।**
(a) यह सभ्यता राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित है।
(b) कालीबंगा एक सुनियोजित शहर था, घरों के निर्माण के लिए धूप में बनी ईटों का उपयोग किया जाता था।
(c) कालीबंगा में जुताई वाले खेत का कोई प्रमाण नहीं मिला है।
(d) प्राचीन दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी (वर्तमान घग्गर नदी क्षेत्र) ने कालीबंगा की सभ्यता को जन्म दिया।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. राजस्थान में आरंभिक मानव बस्ती ........... में पाया गया है।**
(a) बागोर (b) कालीबंगा
(c) आहड (d) बैराठ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. भारतीय इतिहास में राजपूत वंशों का प्रभुत्व ............ तक की अवधि के दौरान था।**
(a) आठवीं से बारहवीं शताब्दी ई.
(b) छठी से सातवीं शताब्दी ई.
(c) पाँचवीं से नौवीं शताब्दी ई.
(d) तीसरी से पाँचवीं शताब्दी ई.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. गुर्जर प्रतिहार शासक मथनदेव कहां शासन करता था?**
(a) मंडोर
(b) राजोरगढ़
(c) जालौर
(d) मेड़ता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. अजमेर के चौहानों के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए-**
**(अ) अजयराज ने अपनी राजधानी सांभर से अजमेर स्थानांतरित की थी।**
**(ब) अजयराज ने अपनी राजधानी में प्रसिद्ध झील का निर्माण करवाया और उसका नाम आनासागर रखा।**
(a) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं। (b) केवल (ब) सत्य है।
(c) (अ) एवं (ब) दोनों असत्य हैं। (d) केवल (अ) सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. निम्नलिखित में से कौन, रणथंभौर के चौहान वंश का संस्थापक था ?**
(a) वाग्भट्ट (b) गोविंदराज
(c) जैत्र सिंह (d) पृथ्वीराज तृतीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. चित्तौड़गढ़ में रावल समर सिंह (1273–1302 CE) के काल में साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियाँ फली–फूलीं, उस समय के प्रसिद्ध वास्तुकार/कारीगर थे:**
**1. पद्म सिंह 2. केल सिंह**
**3. शिल्पी केयलान 4. शिल्पी कर्मा**
**5. अमित सिंह सूरी**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 1, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 2, 3, और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. निम्न में से किस युद्ध में महाराणा साँगा ने बाबर की सेना को 16 फरवरी, 1527 को परास्त किया था?**
(a) पानीपत (b) घाघरा
(c) खानवा (d) बयाना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. मारवाड़ में राठौड़ वंश के शासकों का कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**
**1. राव सीहा 2. राव अस्थान**
**3. राव दूहड़ 4. राव रायपाल**
(a) 1, 3, 2, 4 (b) 1, 4, 3, 2
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 1, 2, 3, 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. सामूगढ़ के युद्ध में दारा की पराजय का समाचार मिलते ही किस राजपूत शासक ने औरंगजेब की अधीनता स्वीकार की?**
(a) महाराजा राजसिंह (b) महाराजा जसवंतसिंह
(c) मिर्जा राजा जयसिंह (d) राव रतन राठौड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. कछवाह वंश के निम्न शासकों को कालक्रमानुसार (पहले से बाद तक) व्यवस्थित कीजिए–**
**1. सवाई जयसिंह तृतीय 2. सवाई जगतसिंह**
**3. सवाई माधोसिंह द्वितीय 4. सवाई रामसिंह द्वितीय**
(a) 2, 3, 4, 1 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 1, 4, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. राजपूताना के किस राज्य के शामक ने अजमेर में लार्ड मेयो द्वारा आयोजित दरबार में भाग नहीं लिया?**
(a) जोधपुर (b) भरतपुर
(c) बीकानेर (d) कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. 1857 की क्रांति के समय निम्नांकित में से कौन टोंक का नवाब था?**
(a) सिराजुद्दौला (b) मीर आलम
(c) वजीरूद्दौला (d) जहानखाँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. अंग्रेजों द्वारा भीलों के विद्रोहों का दमन करने हेतु किये गये प्रयासों में निम्नांकित में से कौनसा तथ्य सही नहीं है?**
(a) 'मेवाड़ भील कॉर्ब्स' का मुख्यालय उदयपुर राज्य में 'खेरवाड़ा' में रखा गया।
(b) अंग्रेजों ने सेना द्वारा भीलों के दमन हेतु 1836 ई. में 'जोधपुर लीजन' सेना का गठन किया था।
(c) 1837 ई. में 'जोधपुर लीजन' का मुख्यालय अजमेर से सिरोही के बड़गांव में स्थानान्तरित कर दिया गया था।
(d) 1838 ई. में 'मेवाड़ भील कॉर्ब्स' की स्थापना की गई थी।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. घटनाओं का कालानुक्रम है?**
**1. डाबड़ा काण्ड 2. नीमूचाना काण्ड**
**3. चण्डावल काण्ड 4. मानगढ़ पहाड़ी हत्याकाण्ड**
(a) 1, 2, 4, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 3, 1, 4, 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. चुन्नीलाल व अमृतलाल पाठक का सम्बन्ध किस प्रजामण्डल आन्दोलन से मुख्यतः जुड़ा रहा?**
(a) बीकानेर प्रजामण्डल (b) प्रतापगढ़ प्रजामण्डल
(c) शाहपुरा प्रजामण्डल (d) सिरोही प्रजामण्डल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. मारवाड़ के राजनैतिक संगठनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए –**
**(1) मारवाड़ हितकारिणी सभा (2) मारवाड़ यूथ लीग**
**(3) मारवाड़ प्रजामण्डल (4) मारवाड़ लोक परिषद्**
(a) 1 2 3 4 (b) 1 4 3 2
(c) 1 3 4 2 (d) 4 1 3 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. शंकरराव देव समिति का गठन धौलपुर एवं भरतपुर राज्यों की जनता की इस बात के लिए राय जानने के लिए किया गया था कि वे राजस्थान अथवा उत्तर प्रदेश किसमें मिलना चाहते हैं? इस समिति में अध्यक्ष सहित कितने सदस्य थे?**
(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) पाँच
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. राजस्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-**
(a) 41 किमी. (b) 42 किमी.
(c) 40 किमी. (d) 43 किमी.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. राजस्थान के जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें –**
**(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर**
**(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर**
**कूट-**
(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. राजस्थान का कौन-सा भौगोलिक अंचल प्राचीनतम है?**
(a) घग्घर का मैदानी अंचल (b) उत्तरी-पूर्वी मैदान अंचल
(c) अरावली पर्वतीय अंचल (d) थार मरूस्थल अंचल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. कॉलम I में चोटियों को उनकी कॉलम II ऊँचाई के अनुसार मिलाइये**

| कॉलम I (चोटियाँ) | कॉलम II (ऊँचाई) |
|---|---|
| I. खो/खोह | A. 885 मीटर (अजमेर) |
| II. रघुनाथगढ़ | B. 1727 मीटर (सिरोही) |
| III. तारागढ़ | C. 1055 मीटर (सीकर) |
| IV. गुरु शिखर | D. 920 मीटर (जयपुर) |

(a) I-B, II-D, III-A, IV-C (b) I-B, II-A, III-C, IV-D
(c) I-D, II-C, III-A, IV-B (d) I-A, II-B, III-D, IV-C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभों से वर्षा किन महीनों में होती है?**
(a) जुलाई और अगस्त (b) अप्रैल और मई
(c) सितम्बर और अक्टूबर (d) दिसम्बर और जनवरी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. निम्नलिखित कारकों में से कौनसे राजस्थान की जलवायु परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार हैं-**
**कारक:**
**1. भौगोलिक अवस्थिति 2. समुद्र से दूरी**
**3. उच्चावच लक्षण 4. वायुमण्डलीय संचरण**
(a) केवल 2, 3 (b) सभी 1, 2, 3 व 4
(c) केवल 2, 3 व 4 (d) केवल 1, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. जयपुर, दौसा और अलवर जिलों में किस मृदा की प्रधानता है–**
(a) एन्टीसोल (b) इनसेप्टीसोल्स
(c) वर्टीसोल्स (d) अल्फीसोल्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. सूची-1 को सूची-II से सुमेलित कीजिए**

| सूची-I (मृदा के प्रकार) | सूची-II (सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषताएं) |
|---|---|
| a. लाल पीली मृदा | I. रेतीली दोमट संरचना होती है। |
| b. मरुस्थली मृदा | II. लौह अंश की मौजूदगी |
| c. काली मृदा | III. जल धारण एवं शोषण क्षमता कम पायी जाती है। |
| d. जलोढ़ मृदा | IV. चीका प्रधान मृदा |

(a) a-II, b-III, c-IV, d-I (b) a-I, b-III, c-II, d-IV
(c) a-II, b-IV, c-I, d-III (d) a-I, b-III, c-IV, d-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

29. राजस्थान की एक नदी जो अन्त:प्रवाह प्रणाली के अन्तर्गत नहीं है?
(a) जाखम (b) कांतली
(c) काकनी (d) घग्घर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

30. सही कथनों का चयन कीजिए-
1. लूनी नदी क्रम का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है।
2. खारी नदी बनास नदी की सहायक नदी है।
3. बनास नदी खमनौर की पहाड़ियों से निकलती है।
(a) 1 और 3 सही हैं। (b) 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) 1 और 2 सही हैं। (d) 2 और 3 सही हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

31. भारत की सबसे बड़ी स्थलबद्ध खारे पानी की झील राजस्थान में है। निम्नलिखित में से यह कौनसी है?
(a) सांभर (b) डीडवाना
(c) लूणकरणसर (d) पचपदरा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

32. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है–
(a) माही बाँध - माही नदी (b) जवाई बाँध - जवाई नदी
(c) मेजा बाँध - मेज नदी (d) दांतीवाड़ा बाँध - बनास नदी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

33. निम्न में से कौन सी परम्परागत जल संरक्षण की विधि नहीं है?
(a) नाड़ी (b) खड़ीन
(c) तालाब (d) टांका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

34. कौन-सी बहुउद्देशीय परियोजना बोरखेड़ा में है?
(a) सिद्धमुख परियोजना (b) माही बजाज सागर
(c) राणा प्रताप सागर (d) जवाहर सागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

35. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए –

| सूची -I (बाँध) | सूची II (नदी) |
|---|---|
| A. बीसलपुर | I. चंबल |
| B. अरवार | II. कोठारी |
| C. जवाहर सागर | III. बनास |
| D. मेज़ा | IV. खारी |

(a) A-III, B-IV, C-I, D-II (b) A-III, B-IV, C-II, D-I
(c) A-III, B-II, C-IV, D-I (d) A-IV, B-I, C-III, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

36. राजस्थान में शुष्क सागवान वन कहाँ पाए जाते हैं?
(a) पश्चिमी राजस्थान (b) आबू पर्वतीय क्षेत्र
(c) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा (d) अलवर, भरतपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

37. वनों का जिलों से सुमेलन करें।

| वन | ज़िला |
|---|---|
| A. शुष्क वन | I. अलवर |
| B. सदाबहार वन | II. बांसवाड़ा |
| C. मिश्रित पतझड़ वन | III. माउण्ट आबू |
| D. शुष्क सागवान वन | IV. जैसलमेर |

(a) A-IV, B-III, C-II, D-I (b) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(c) A-II, B-III, C-I, D-IV (d) A-IV, B-III, C-I, D-II
(e) अनुत्तरित प्रश्न

38. रामगढ़-विषधारी अभयारण्य कहाँ स्थित है?
(a) बूंदी (b) चित्तौड़गढ़
(c) जयपुर (d) सिरोही
(e) अनुत्तरित प्रश्न

39. सूची-I को सूची-II से मिलाइए :

| सूची-I (अभयारण्य) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| A. बंध बरेठा अभयारण्य | I. चित्तौड़गढ़ |
| B. वन विहार अभयारण्य | II. उदयपुर |
| C. बस्सी अभयारण्य | III. धौलपुर |
| D. जयसमंद अभयारण्य | IV. भरतपुर |

निम्नलिखित विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(a) A-I, B-II, C-III, D-IV (b) A-IV, B-III, C-I, Q-II
(c) A-III, B-II, C-IV, D-I (d) A-II, B-I, C-III, D-IV
(e) अनुत्तरित प्रश्न

40. राजस्थान राज्य को _____ जलवायु कृषि-प्रदेशों में विभक्त किया गया है।
(a) 7 (b) 9
(c) 5 (d) 10
(e) अनुत्तरित प्रश्न

41. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय इनमें से किस शहर में स्थित है?
(a) बीकानेर (b) अलवर
(c) कोटा (d) उदयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

42. निम्नलिखित में से कौन-सी भेड़ की नस्लें हैं -
1. मगरा 2. चोकला
3. जैसलमेरी 4. मालपुरा
निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:
(a) केवल 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) सभी 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए –

| सूची-I (पशुधन) | सूची-II (नस्ल) |
|---|---|
| A. भेड़ | (i) सूरती |
| B. गौवंश | (ii) नाली |
| C. भैंस | (iii) बरबरी |
| D. बकरी | (iv) सांचोरी |

कूट :
(a) A-iii B-i C-iv D-ii (b) A-ii B-iv C-iii D-i
(c) A-ii B-iv C-i D-iii (d) A-iv B-iii C-i D-ii
(e) अनुत्तरित प्रश्न

44. राजस्थान खनिज (Mineral) नीति - 2024 के लक्ष्यों के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिए –
कथन:
A. 2046-47 तक 1 करोड़, 2029-30 तक 50 लाख रोजगार।
B. जीडीपी योगदान 3.4% से 2029-30 तक 5%, 2046-47 तक 8%।
C. खनिजों की संख्या 58 से 70 तक।
(a) केवल A और B (b) केवल B और C
(c) केवल A और C (d) A, B और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. निम्नलिखित में से राजस्थान के उस स्थान का चयन करें जहाँ से प्राकृतिक गैस (Natural Gas) पाइपलाइन गुजरती है –**
(a) बाँसवाड़ा (b) गंगानगर
(c) बीकानेर (d) भीलवाड़ा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. राजस्थान में पहली रेलगाड़ी बांदीकुई (दौसा) से ______ के बीच चलाई गई –**
(a) लाल किला (दिल्ली) (b) सिटी पैलेस (जयपुर)
(c) तिजारा किला (अलवर) (d) आगरा किला (यू.पी.)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. निम्नलिखित सूची-I (किलों) का सूची-II (मंदिरों/ किलों के अन्दर स्थित दरगाहों) के साथ मिलान कर सही उत्तर चुनें-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **A. आमेर किला, जयपुर** | **1. दरगाह मीरान साहिब** |
| **B. तारागढ़, अजमेर** | **2. दरगाह मीठे साहिब** |
| **C. गागरोण, झालावाड़** | **3. शिलादेवी मंदिर** |
| **D. मेहरानगढ़, जोधपुर** | **4. चामुण्डा माता मंदिर** |

(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-3, B-2, C-1, D-4
(c) A-4, B-1, C-2, D-3 (d) A-1, B-2, C-4, D-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. अलवर के बाला किला के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) भरतपुर के राजा सूरजमल ने किले के अंदर एक जलाशय सूर्य कुण्ड बनवाया।
(b) निकुंभों की चतुर्भुज देवी किले में स्थापित हैं।
(c) इसमें 15 बड़े और 52 छोटे बुर्ज हैं।
(d) विनयसिंह द्वारा हवा बंगला बुर्ज बनवाया गया था।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. बूँदी में 'रंगमहल' का निर्माण करवाया?**
(a) रतन (b) भावसिंह
(c) छत्रसाल (d) माधोसिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. छतरी-स्थल के गलत युग्म चुनिए-**
**1. 84 खंभों की छतरी - कोटा**
**2. ब्राह्मण देवता की छतरी - मण्डोर**
**3. मामा भांजा की छतरी - जयपुर**
**4. कुंवर पृथ्वीराज की छतरी - कुंभलगढ़**
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1 और 4 (d) केवल 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. मेड़तणीजी की बावड़ी स्थित है-**
(a) सीकर (b) झुन्झुनूं
(c) जोधपुर (d) बूंदी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| **मन्दिर** | **- स्थान** |
|---|---|
| (a) द्वारिकाधीश मन्दिर | - कांकरोली |
| (b) सुंधा माता मन्दिर | - भीनमाल |
| (c) आई माता मन्दिर | - बिलाड़ा |
| (d) ज्वाला माता मन्दिर | – तलवाड़ा |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. उस स्थान को चिह्नित कीजिए जो किसी भी प्रकार तेजाजी से संबंधित नहीं है?**
(a) पिचियाक (b) परबतसर
(c) सुरसुरा (d) खड़नाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **(A) सिंहथल शाखा** | **(1) संत रामचरण** |
| **(B) रैण शाखा** | **(2) संत हरिराम दास** |
| **(C) खेड़ापा शाखा** | **(3) संत रामदास** |
| **(D) शाहपुरा शाखा** | **(4) संत दरियाव** |

(a) A-1, B-3, C-2, D-4 (b) A-2, B-4, C-3, D-1
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-1, C-4, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. गणगौर के अवसर पर होली की राख से बने केक (पिंडिया) की .... के अंकुरों के साथ पूजा की जाती है।**
(a) चावल (b) बाजरा
(c) जौ (d) मकई
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. चित्रकला की किशनगढ़ शैली के विषय में कौन से कथन सही हैं?**
**A. राधा और कृष्ण का रूप सौंदर्य ही चित्रांकन का मुख्य विषय है ।**
**B. अधिकांश चित्रों में स्त्रियों का पहनावा लहँगा, चोली और पारदर्शी आँचल हैं।**
**C. इस शैली के चित्रकार सीताराम, भवानीदास एवं कल्याणदास हैं ।**
**सही विकल्प चुनिए :**
(a) A, B और C (b) A और B
(c) B और C (d) A और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. राजस्थान की प्रसिद्ध लोक कला 'बेवाण' है-**
(a) खादी के कपड़े पर लोक देवता के जीवन को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करना।
(b) लकड़ी से निर्मित सिंहासन जिस पर ठाकुर जी की मूर्ति को श्रृंगारित करके बैठाया जाता है।
(c) लकड़ी से निर्मित तलवारनुमा आकृति जिसका उपयोग रामलीला नाटक में किया जाता है।
(d) कपाटों युक्त लकड़ी से निर्मित मंदिरनुमा आकृति।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. 'गवरी' के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है?**
(a) यह लोक नाट्य कला की एक विधा है।
(b) यह पुरुष तथा स्त्री दोनों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
(c) यह मुख्यतः भील संस्कृति से जुड़ा है।
(d) यह मेवाड़ क्षेत्र से निकटता से जुड़ा है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. सुमेलित नहीं है-**
(a) घोड़ी गीत - वर निकासी के समय घुड़-चढ़ी रस्म के समय
(b) जच्चा गीत - परिवार में बालक के जन्म के समय
(c) जला गीत - बालक के जन्म के पश्चात् कुआं पूजन के समय
(d) रसिया गीत - होलिकोत्सव पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. लोक वाद्ययंत्र 'चौतारा' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :**
**A. यह चार तारों वाला वाद्ययंत्र है।**
**B. यह सामान्यतः रामदेवजी के भजन गाने में प्रयुक्त होता है।**
(a) A और B दोनों सत्य हैं। (b) A और B दोनों असत्य हैं।
(c) केवल A सत्य है। (d) केवल B सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. सुमेलित कीजिए-**

| **शरीर के अंग** | **गहने** |
|---|---|
| **(A) कान** | **(1) कन्दोरा** |
| **(B) गला** | **(2) दामणा** |
| **(C) अंगुलियाँ** | **(3) मांदल्या** |
| **(D) कमर** | **(4) अंगोटिया** |

**कूट:**
(a) A-1, B-3, C-2, D-4 (b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-2, B-4, C-1, D-3 (d) A-4, B-3, C-2, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. 'वंश भास्कर' का रचयिता है?**
(a) बाँकीदास (b) गौरीशंकर
(c) जानकवि (d) सूर्यमल्ल मिश्रण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. भारत का पश्चिमी तटीय मैदान का दक्षिणी भाग जाना जाता है-**
(a) कोंकण (b) कोरोमण्डल तट
(c) गोआ तट (d) मालाबार तट
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. निम्नलिखित में से कौन सी नदी/नदियाँ मध्य प्रदेश राज्य से संबंधित है/हैं ?**
**A. बेतवा** **B. शिवना**
**C. क्षिप्रा** **D. चंबल**
(a) A, C और D (b) A, B और D
(c) B, C और D (d) A, B और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. भारतीय कृषि से संबंधित कुछ क्रांतियाँ नीचे दी गई हैं। उनके संबंधित उत्पादों के साथ उनका मिलान करें जिनके लिए उन्हें क्रियान्वित किया गया था:**

| | |
|---|---|
| **1. धूसर क्रांति** | **A. तिलहन** |
| **2. भूरी क्रांति** | **B. उर्वरक** |
| **3. गुलाबी क्रांति** | **C. चमड़ा** |
| **4. पीली क्रांति** | **D. झींगा** |

(a) 1-C, 2-D, 3-A, 4-B (b) 1-B, 2-C, 3-D, 4-A
(c) 1-D, 2-C, 3-A, 4-B (d) 1-D, 2-A, 3-B, 4-C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. निम्नलिखित में से कौन सा मैगनीज का मुख्य उत्पादक है-**
(a) महाराष्ट्र (b) मध्यप्रदेश
(c) ओडिशा (d) कर्नाटक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. विश्व का सबसे बड़ा और गहरा महासागर है-**
(a) अटलांटिक महासागर (b) हिन्द महासागर
(c) प्रशान्त महासागर (d) आर्कटिक महासागर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. सुमेलित कीजिए -**

| **सूची I (देश)** | **सूची II (सबसे बड़ा नगर)** |
|---|---|
| **(A) कनाडा** | **1. लागोस** |
| **(B) ग्रीस** | **2. दमिश्क** |
| **(C) नाइजीरिया** | **3. टोरंटो** |
| **(D) सीरिया** | **4. एथेन्स** |

**कूट:**
(a) A-1 B-2 C-4 D-3 (b) A-2 B-3 C-4 D-1
(c) A-3 B-4 C-1 D-2 (d) A-4 B-3 C-2 D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. कौनसा (पर्वत-अवस्थिति) सही सुमेलित नहीं है?**
(a) एण्डीज - दक्षिणी अमेरिका
(b) ग्रेट डिवाइडिंग रेंज - अण्टार्कटिका
(c) रॉकीज-उत्तरी अमेरिका
(d) एटलस - उत्तरी अफ्रीका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. भारत सरकार अधिनियम 1919 के संबंध में निम्न में से कौन सी विशेषता सही नहीं है -**
(a) इसने शासन की एक दोहरी योजना पेश की, जिसे सामान्यतः डायरेकी कहा जाता है।
(b) यह देश में द्वीपक्षीय और प्रत्यक्ष चुनाव की बात करता है।
(c) यह अलग मतदाता प्रदान करके सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत का समर्थन नहीं करता है।
(d) इसमें लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान रखा गया।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. भारतीय संविधान सभा के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौन से कथन सही है?**
**1. यह वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी।**
**2. यह प्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी।**
**3. यह बहुदलीय संरचना नहीं थी।**
**4. यह कई समितियों के माध्यम से कार्यरत थी।**
(a) 1 और 4 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. निम्नलिखित में से कौनसा कथन भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची का सही वर्णन करता है?**
(a) इसमें संविधान से मान्यता प्राप्त भाषाओं को शामिल किया गया है।
(b) इसमें जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में प्रावधान शामिल है।
(c) यह संघ और राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण की सूची देता है।
(d) यह संवैधानिक कार्यकर्ताओं के वेतन और अनुमोदनों से संबंधित है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. उद्देशिका में वर्णित शब्दों का सही क्रम क्या है**
(a) पंथनिरपेक्ष, न्याय, स्वतंत्रता, राष्ट्र की एकता और अखण्डता
(b) न्याय, पंथनिरपेक्षता, स्वतंत्रता, राष्ट्र की एकता और अखण्डता
(c) स्वतंत्रता, न्याय, पंथनिरपेक्ष, राष्ट्र की एकता और अखण्डता
(d) पंथनिरपेक्ष, स्वतंत्रता, न्याय, राष्ट्र की एकता और अखण्डता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 14 | I. राज्य सेना या विद्या सम्बन्धी सम्मान के अतिरिक्त कोई उपाधि प्रदान नहीं करेगा। |
| B. अनुच्छेद 16(3) | II. राज्य द्वारा निवास के आधार पर सेवाओं (नौकरियों) में विभेद। |
| C. अनुच्छेद 16(4) | III. विधि के समक्ष समता। |
| D. अनुच्छेद 18(1) | IV. राज्य द्वारा सामाजिक - आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के प्रति विशेष उपबन्ध। |

**कोड :**
(a) A-I B-II C-III D-IV (b) A-IV B-III C-II D-I
(c) A-IV B-II C-III D-I (d) A-III B-II C-IV D-I
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :**
**A. ऋग्वेद** **1. ऐतरेय**
**B. सामवेद** **2. पंचविश**
**C. यजुर्वेद** **3. शतपथ**
**D. अथर्ववेद** **4. गोपथ**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-4, B-2, C-3, D-1
(c) A-4, B-3, C-1, D-2
(d) A-3, B-4, C-2, D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. सूरत में कांग्रेस का विभाजन कब हुआ था?**
(a) 1907 (b) 1905
(c) 1906 (d) 1908
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. निम्न को सुमेलित करें :**
**A. न्याय** **1. कणाद**
**B. वैशेषिक** **2. शंकराचार्य**
**C. योग** **3. गौतम**
**D. वेदांत** **4. पतंजलि**
**दिए गए कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनें।**
(a) 3 4 1 2 (b) 3 1 4 2
(c) 2 3 4 1 (d) 4 1 2 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. सुमेलित कीजिए-**
**कलेण्डर** **प्रारंभिक वर्ष**
**A. शक संवत** **1. 622 ईस्वी**
**B. विक्रम संवत** **2. 319 ईस्वी**
**C. हिजरी संवत** **3.57 ईसा पूर्व**
**D. गुप्त संवत** **4. 78 ईस्वी**
**कूट:**
(a) A-3 B-4 C-1 D-2 (b) A-4 B-3 C-1 D-2
(c) A-4 B-3 C-2 D-1 (d) A-3 B-4 C-2 D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. निम्नलिखित में से कौन-सी इमारतें फतेहपुर सीकरी के हरम सरा खंड का हिस्सा हैं:**
**(i) जोधाबाई का महल** **(ii) पंच महल**
**(iii) मरियम का महल** **(iv) बीरबल का महल**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
(a) केवल (i) और (iii) (b) केवल (i) और (iv)
(c) केवल (i), (ii) और (iii) (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. 'भगवद भक्ति रसायन' के लेखक कौन हैं -**
(a) गोकुलदास (b) मधुसूदन सरस्वती
(c) बेनी माधब दास (d) नाभादास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. लोक नृत्य का उस राज्य से मिलान करें जिससे वे संबंधित हैं -**
**लोक नृत्य** **राज्य**
**A. मोडसे** **1. मिजोरम**
**B. थौगल जागोई** **2. त्रिपुरा**
**C. होजागिरी** **3. नागालैंड**
**D खुल्लम** **4. मणिपुर**
(a) A-2; B-3; C-1; D-4 (b) A-3; B-1; C-4; D-2
(c) A-2; B-4; C-1; D-3 (d) A-3; B-4; C-2; D-1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. प्रसिद्ध "बोरोबुदूर" मंदिर ___ को समर्पित है।**
(a) शिव (b) बुद्ध
(c) विष्णु (d) दुर्गा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. निम्न में से कौनसा लियानार्दो द. विंची का चित्र है?**
(a) मोनालिसा (b) द लास्ट सपर
(c) वर्जिन ऑफ द रॉक्स (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. कीव किसकी राजधानी है?**
(a) यूक्रेन (b) टोगो
(c) तंजानिया (d) यूगांडा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. शैक्षिक मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(a) इसमें वैज्ञानिक विधियों और प्रविधियों का अनुप्रयोग होता है।
(b) यह व्यवहार के आकलन के लिए व्यक्तिनिष्ठता पर बल देता है।
(c) यह शिक्षण-अधिगम परिस्थितियों में व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और नियन्त्रित करने में सहायक है।
(d) इसके सुव्यवस्थित सिद्धांत नियमों द्वारा समर्थित हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्तित्व आकलन की प्रक्षेपी विधियाँ नहीं हैं?**
**(A) शब्द साहचर्य** **(B) वाक्य पूर्ति**
**(C) समाजमिति** **(D) व्यक्ति अध्ययन**
**सही कूट का चयन कीजिए :**
**कूट :**
(a) (A) एवं (C) (b) (C) एवं (D)
(c) (B) एवं (D) (d) (A), (B) एवं (D)

**87. पीयूष के पास दूसरों की भावनाओं को प्रबंधित करने का कौशल है। यह अवलोकन संवेगात्मक बुद्धि के किस घटक को इंगित करता है?**
(a) संवेगात्मक लब्धि (b) अंतः वैयक्तिक जागरूकता
(c) अन्तर्वैयक्तिक प्रबंधन (d) अंतः वैयक्तिक प्रबंधन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य ऐसा है जिसे कक्षा में वैयक्तिक भिन्नताओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सावधानी की आवश्यकता है?**
(a) संपूर्ण कक्षा से समान दक्षता प्राप्त करने की अपेक्षा करना।
(b) कक्षा मिश्रित क्षमताओं वाला समूह है, तदनुसार शिक्षण योजना बनाना आवश्यक है।
(c) शिक्षक को कक्षा में वैयक्तिक भिन्नताओं के बारे में अपेक्षित ज्ञान होना चाहिए।
(d) सभी विद्यार्थियों को एक विशिष्ट प्रकार की शिक्षण विधि से लाभ नहीं मिल सकता।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. जब कोई वयस्क अपनी इच्छाओं, प्रेरणाओं एवं व्यवहारों को बाल्यावस्था की इच्छाओं, प्रेरणाओं एवं व्यवहारों के अनुकूल बना लेता है, तो इसे कहा जाता है:**
(a) रूपान्तरण (b) प्रतिगमन
(c) आत्मीकरण (d) उदात्तीकरण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. हाल ही में भारत सोलर एक्सपो के 4वें संस्करण का आयोजन कहाँ पर किया गया है?**
(a) जोधपुर (b) कोटा
(c) जयपुर (d) अजमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. 38वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाली मोनिका जाट का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**
(a) बीकानेर
(b) बाड़मेर
(c) करौली
(d) चुरू
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. प्रदेश में बजट 2025–26 के तहत कितनी महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है?**
(a) 15 लाख (b) 20 लाख
(c) 25 लाख (d) 30 लाख
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत पात्र युवाओं को कितनी वित्तीय सहायता दी जाएगी?**
(a) ₹5,000 (b) ₹10,000
(c) ₹15,000 (d) ₹25,
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. बाबा साहब अंबेडकर संबल योजना (14 अप्रैल 2025) किन गांवों में लागू की जाएगी?**
(a) शहरी क्षेत्र
(b) सामान्य गांव
(c) SC आबादी 50% से अधिक वाले गांवों के लिए
(d) जनजातीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. प्रधानमंत्री आवास योजना-गामीण के अंतर्गत राजस्थान को कितने घरों का लक्ष्य आवंटित किया गया है?**
(a) 273,752 (b) 264,952
(c) 211,632 (d) 292,422
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. ऑपरेशन खुशी के संबंध में सत्य कथन है?**
(a) इसका संचालन राजस्थान पुलिस द्वारा किया गया है
(b) इसका उद्देश्य गुमशुदा नाबालिक बालक-बालिकाओं की घर वापसी है।
(c) इस अभियान के 9वे चरण का आयोजन 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक किया गया।
(d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. "आजू गूजा चिल्ड्रन फेस्टिवल 2025" का आयोजन किस स्थान पर और कब किया गया?**
(a) जयपुर 21-22 जनवरी 2025
(b) अजमेर -15-16 फरवरी 2025
(c) बीकानेर 22-23 फरवरी 2025
(d) जोधपुर - 25-26 मार्च 2025
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. 19वां राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह कहाँ आयोजित हुआ?**
(a) जयपुर विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम
(b) कोटा विज्ञान भवन
(c) राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
(d) उदयपुर कला भवन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. वर्ष 2025 का राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड किसे प्रदान किया गया?**
(a) मोहम्मद असलम (b) संजय व्यास
(c) विनोद माथुर (d) गौरव शर्मा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. प्रवासी राजस्थानी नीति-2025 का प्रमुख उद्देश्य क्या है?**
(a) राज्य के कृषि क्षेत्र का आधुनिकीकरण
(b) प्रवासी राजस्थानियों के योगदान और जुड़ाव को बढ़ाना
(c) विदेश व्यापार शुल्क बढ़ाना
(d) राज्य में पर्यटन कर लागू
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

**1. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **रणकपुर प्रशस्ति (1439 ई.)**

➢ यह प्रशस्ति रणकपुर (पाली) में मथाई नदी के किनारे स्थित ऋषभदेव/आदिनाथ **नामक चौमुखा जैन मंदिर में लगी हुई है। इस प्रशस्ति की भाषा संस्कृत व लिपि नागरी है।**

➢ इसमें मेवाड़ के शासक बापा से कुंभा तक की वंशावली है।

➢ रणकपुर प्रशस्ति में बापा रावल व काल भोज को अलग–अलग व्यक्ति बताया गया है।

➢ यह प्रशस्ति कुंभा की विजयों तथा उपाधियों के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

➢ इस प्रशस्ति में रणकरपुर जैन मंदिर के सूत्रधार (वास्तुकार) 'देपाक' का नाम मिलता है।

➢ **कुंभलगढ़ प्रशस्ति (1460 ई.)**

➢ यह शिलालेख पाँच शिलाओं पर उत्कीर्ण था।

➢ वर्तमान में इसकी पहली, दूसरी (कुछ अंश प्राप्त), तीसरी व चौथी शिलाएँ ही सुरक्षित है।

➢ प्रसिद्ध इतिहासकार जी.एच. ओझा के अनुसार इस प्रशस्ति का रचयिता **महेश** था।

➢ इस शिलालेख में हम्मीर को विषमघाटी पंचानन (विकट युद्धों में शेर के समान) कहा गया है।

➢ **बीकानेर की प्रशस्ति / रायसिंह प्रशस्ति (1594 ई.)**

➢ यह प्रशस्ति **बीकानेर के जूनागढ़ किले में स्थित सूरजपोल दरवाजे के एक पार्श्व** में स्थित है।

➢ महाराजा रायसिंह के शासनकाल में जैन मुनि जइता/जैता द्वारा **संस्कृत** भाषा में रचित इस प्रशस्ति को जूनागढ़ प्रशस्ति के नाम से भी जाना जाता है।

➢ इसमें **राव बीका से लेकर रायसिंह** तक के बीकानेर के शासकों की उपलब्धियों का वर्णन है।

**2. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **विभिन्न रियासतों में प्रचलित सिक्कें**

| **रियासतें** | | **सिक्कें** |
|---|---|---|
| करौली | – | माणकशाही सिक्कें |
| भरतपुर | – | शाहआलमी सिक्कें |
| धौलपुर | – | तमंचाशाही सिक्कें |
| अलवर | – | रावशाही सिक्कें |

**3. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ यह सभ्यता **राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले** में प्राचीन **दृषद्वती और सरस्वती नदी घाटी** (वर्तमान घग्घर नदी क्षेत्र) में विकसित हुई थी।

➢ कालीबंगा एक नगरीय सभ्यता थी। यहां धूप में सुखाई गई कच्ची ईंटों से निर्मित घर व चबूतरे तथा अलंकृत ईंटों से निर्मित फर्श के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

➢ विश्व में सर्वप्रथम कालीबंगा सभ्यता से जूते हुए खेत के साक्ष्य (दक्षिणी-पूर्वी दिशा) प्राप्त हुए हैं।

➢ यहां से एक साथ दो फसलें बौने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ राजस्थान में आरंभिक मानव बस्ती बागौर में पाई गई है।

➢ बागौर में सिक्खों के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी 1707 ई. में दक्षिण भारत से लौटते समय रुके थे। उनके ठहरने के स्थान पर गुरूद्वारा **कलगीधर बागौर साहिब** बनाया गया है।

**5. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. स्मिथ ने सातवीं से बारहवीं शताब्दी तक के समय को राजपूत काल कहा है।

➢ चाणक्य के अर्थशास्त्र, कालिदास के नाटकों व बाणभट्ट के हर्षचरित तथा कादम्बरी नामक ग्रंथों में राजपूत शब्द का उल्लेख मिलता है।

**6. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ राजोरगढ़ में प्रतिहार शासक महाराजाधिराज परमेश्वर मथन देव शासन करता था।

➢ इसने राजोरगढ़ में नीलकण्ठ महादेव मंदिर का निर्माण करवाया था।

**7. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ अजयराज ने 1113 ई. में अजमेर शहर की स्थापना कर इसे अपनी राजधानी बनाया।

➢ अर्णोराज ने अजमेर में आनासागर झील का निर्माण करवाया था।

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

| क्र.स. | चौहान वंश की शाखा | प्रवर्तक/संस्थापक |
|---|---|---|
| 1. | अजमेर/सपादलक्ष | वासुदेव चौहान (551 ई.) |
| 2. | नाडोल (पाली) | लक्ष्मण सिंह (960 ई.) |
| 3. | रणथंभौर | गोविंदराज (1194 ई.) |
| 4. | सिरोही | राव लुम्बा (1311 ई.) |
| 5. | बूंदी | देवा हाड़ा (1241 ई.) |
| 6. | कोटा | माधो सिंह (1631 ई.) |

**9. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **समर सिंह (1273 ई.–1302 ई.)**

➢ रावल समर सिंह के दरबार में रत्नप्रभसूरी, पार्श्वचंद, देल्हण, पद्म सिंह, केल सिंह, वेद शर्मा, शिल्पी केयलान व शिल्पी कर्मा जैसे विद्वान वास्तुकार थे।

**10. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **बयाना का युद्ध (16 फरवरी, 1527 ई.) - भरतपुर**

➢ **फरवरी, 1527 ई.** में महाराणा सांगा ने **बयाना दुर्ग पर आक्रमण** कर दुर्गरक्षक मेहंदी ख्वाजा व बाबर के सेनापति मोहम्मद सुल्तान मिर्जा को परास्त कर बयाना **दुर्ग पर अधिकार** कर लिया।

11. [d]

**व्याख्या:-**

- **राव सीहा (1240 – 1273 ई.)**
- राव सीहा को मारवाड़ में **राठौड़ वंश का संस्थापक/आदिपुरुष/मूलपुरुष** माना जाता है।
- **राव आस्थान (1273 – 1291 ई.)**
- यह 1291 ई. में **जलालुद्दीन खिलजी (दिल्ली)** के खिलाफ पाली की रक्षा करता हुआ **वीरगति** को प्राप्त हुआ।
- **राव धुहड़ (1291 – 1309 ई.)**
- यह कर्नाटक से अपनी कुलदेवी नागणेची माता/**चक्रेश्वरी देवी** की मूर्ति लेकर आया तथा नागाणा (बालोतरा) में मंदिर का निर्माण करवाया।
- **राव रायपाल (1309–1313 ई.)- राव रायपाल**, **राव धूहड़** का पुत्र था और उसने **खेड़ (बालोतरा)** क्षेत्र पर शासन किया। वह एक पराक्रमी और महत्वाकांक्षी शासक था, जिसने अपने अल्पकालीन शासन में कई महत्वपूर्ण सैन्य अभियान चलाए और अपने राज्य की प्रतिष्ठा को बढ़ाया।

12. [b]

**व्याख्या:-**

- सामूगढ़ के युद्ध में दारा शिकोह की हार के बाद, मुगल शासक औरंगजेब की अधीनता स्वीकार करने वाले राजपूत शासक जसवंत सिंह थे।
- औरंगजेब ने जसवंत सिंह को शाइस्ता खां की सहायता के लिए शिवाजी के खिलाफ दक्षिण भारत भेजा।
- औरंगजेब ने इसे सात हजार का मनसबदार बनाया तथा 1673 ई. में काबुल (अफगानिस्तान) का सुबेदार नियुक्त किया।
- 28 नवंबर, 1678 ई. में जमरूद का थाना (काबुल) नामक स्थान पर जसवंत सिंह की मृत्यु हुई।

13. [d]

**व्याख्या:-**

- **सवाई जगतसिंह– II (1803–1818 ई.)**
- 15 अप्रैल, 1818 ई. में जगतसिंह ने **ईस्ट इंडिया कम्पनी से सहायक संधि** की।
- जगतसिंह की प्रेमिका **'रसकपूर'** शासनकार्यों में हस्तक्षेप करती थी। अत: इसे नाहरगढ दुर्ग में नजरबंद कर दिया।
- **गिंगौली का युद्ध, परबतसर (डीडवाना-कूचामन)** 13 मार्च, 1807 ई. में मेवाड़ की राजकुमारी कृष्णा कुमारी से विवाह के लिए जयपुर के जगतसिंह व जोधपुर के महाराजा मानसिंह के मध्य लड़ा गया।
- अमीर खाँ पिण्डारी की सहायता से जगतसिंह–II विजय रहा।
- **सवाई जयसिंह तृतीय (1818–1835 ई.)**
- यह जगत सिंह द्वितीय का पुत्र तथा सवाई रामसिंह द्वितीय का पिता था।
- **सवाई रामसिंह–द्वितीय (1835–1880 ई.)**
- **सवाई माधोसिंह–द्वितीय (1880–1922)**
- इसे बब्बर शेर के नाम से भी जाना जाता है।
- सवाई माधोसिंह द्वितीय के शासनकाल में राजस्थान में सर्वप्रथम 1904 ई. में डाक टिकिट और पोस्टकार्ड की शुरूआत जयपुर में हुई।
- इसने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए मदनमोहन मालवीय को पाँच लाख रूपये का अनुदान दिया।
- इसने चंद्रमहल (सिटी पैलेस) में प्रसिद्ध मुबारक महल (वेलकम पैलेस) का निर्माण करवाया जो मुगल-राजपूत व यूरोपीय स्थापत्य कला का नमूना है।
- यह **ब्रिटिश सम्राट एडवर्ड सप्तम** के राज्याभिषेक के अवसर पर चाँदी के दो बड़े कलशों में गंगाजल लेकर लंदन गया था।

14. [a]

**व्याख्या:-**

- जोधपुर के महाराजा तख्त सिंह ने लॉर्ड मेयो के अजमेर दरबार (1870 ई.) में भाग नहीं लिया था।
- कोटा के महाराव रामसिंह द्वितीय को लॉर्ड मेयो के अजमेर दरबार में आमंत्रित नहीं किया गया था।

15. [c]

**व्याख्या:-**

- टोंक राजस्थान की एकमात्र मुस्लिम रियासत थी, क्रांति के समय टोंक का **नवाब वजीरूद्दौला** था।
- वजीरूद्दौला अंग्रेजों का समर्थक था, इस कारण जनता ने इसे **ईसाई राजा** कहकर संबोधित करती थी।
- नवाब के मामा मीर आलम खान ने विद्रोहियों का साथ दिया।
- टोंक के नासिर मुहम्मद खां ने तात्या टोपे के साथ मिलकर टोंक पर अधिकार कर लिया।

16. [d]

**व्याख्या:-**

- भील विद्रोह के दमन के लिए अंग्रेजों ने 1841 ई. में महाराणा सरदार सिंह (मेवाड़) के शासनकाल में मेवाड़ भील कोर का गठन किया।
- मेवाड़ भील कोर का मुख्यालय खैरवाड़ा (उदयपुर) में स्थित है।

17. [c]

**व्याख्या:-**

| राजस्थान के प्रमुख हत्याकाण्ड | | |
|---|---|---|
| **हत्याकाण्ड** | **वर्ष** | **संबंधित रियासत** |
| मानगढ | 17 नवम्बर 1913 ई. | बाँसवाडा |
| नीमूचणा | 14 मई 1925 ई. | अलवर |
| चण्डावल | 28 मार्च 1942 ई. | मारवाड़ (पाली) |
| डाबडा | 13 मार्च 1947 ई. | मारवाड़ (डीडवाना) |
| डाबी | 02 अप्रैल 1923 ई. | बूँदी |
| गोविंदपुरा | 23 जुलाई 1923 ई. | मेवाड़ (बेगूं) |
| जयसिंहपुरा | 21 जून 1934 ई. | शेखावाटी (झुंझुनूं) |
| कूदन | 25 अप्रैल 1935 ई. | शेखावाटी (सीकर) |
| कांगड | 1946 ईस्वी | बीकानेर (चुरू) |
| खुड़ी | मार्च 1935 ई. | शेखावाटी (सीकर) |
| रास्तापाल | 19 जून 1947 ई. | डूंगरपुर |
| तसीमो | 11 अप्रैल 1947 ई. | धौलपुर |
| रायसिंहनगर | 01 जुलाई 1946 ई. | बीकानेर (श्रीगंगानगर) |

18. [b]

**व्याख्या:-**

- ठक्कर बापा की प्रेरणा से अमृतलाल पाठक व चुन्नीलाल ने 1945 ई. में प्रतापगढ प्रजामंडल की स्थापना की थी।

**19. [a]**

**व्याख्या:-**

| **संगठन** | **स्थापना वर्ष** | **संस्थापक** |
|---|---|---|
| मरूधर / मारवाड़ हितकारिणी सभा | 1918 ई. | चाँदमल सुराणा (जयनारायण व्यास द्वारा 1923 ई. में पुनर्गठन) |
| मारवाड़ यूथ लीग | 1931 ई. | जयनारायण व्यास |
| मारवाड़ प्रजामण्डल | 1934 ई. | जयनारायण व्यास व भंवरलाल सर्राफ |
| मारवाड़ लोक परिषद् | 1938 ई. | जयनारायण व्यास व रणछोड़दास गट्टानी |

**20. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ भरतपुर व धौलपुर राज्य की जनता की राय जानने के लिए सरकार द्वारा डॉ. शंकरराव देव समिति का गठन किया गया। इस समिति में तीन सदस्य थे-
**अध्यक्ष –** 1. डॉ. शंकरराव देव
**अन्य सदस्य –** 2. प्रभुदयाल, 3. आर.के. सिद्धवा

**21. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **राजस्थान के विस्तार में अंतर-**
➢ पूर्व-पश्चिम: **869 किमी.**
➢ उत्तर-दक्षिण: **826 किमी.**
➢ अंतर: **869 – 826 = 43 किमी.**
➢ अतः विस्तार में **43 किलोमीटर का अंतर** है, अतः विकल्प (d) सही है।

**22. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ विकल्प (c) (i), (iv), (iii), (ii) इसका सही उत्तर है।
➢ जिलों की उत्तर से दक्षिण की स्थिति:
➢ **श्रीगंगानगर** – सबसे उत्तर में
➢ **बीकानेर** – दक्षिण की ओर श्रीगंगानगर से नीचे
➢ **जोधपुर** – बीकानेर के दक्षिण-पश्चिम में
➢ **जालौर** – राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम में

**23. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ अरावली पर्वतमाला विश्व की **सबसे प्राचीन वलित पर्वत श्रेणी** मानी जाती है। यह लगभग **2500 से 3000 मिलियन वर्ष** पूर्व की है (प्राक्कैम्ब्रियन युग)। इसकी चट्टानें आर्कियन युग की हैं, जिनमें नीस, शिष्ट और मार्बल मिलते हैं। इसलिए यह भौगोलिक दृष्टि से **राजस्थान का सबसे प्राचीन भाग** है।

**24. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ **खो/खोह** जयपुर, 920 मीटर
➢ **रघुनाथगढ़:** सीकर, 1,055 मीटर
➢ **तारागढ़:** अजमेर, 885 मीटर
➢ **गुरु शिखर:** सिरोही, ~1,722 मीटर (लेकिन विकल्प में 1,727 मीटर)

**25. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **राजस्थान में प्रभाव**: राजस्थान में ये **दिसंबर और जनवरी** में हल्की वर्षा (मावठ) लाते हैं, जो रबी की फसलों (गेहूँ, चना) के लिए महत्वपूर्ण है। यह वर्षा 5-10 सेमी. तक हो सकती है।

**26. [b]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक-**

➢ **भौगोलिक अवस्थिति:** उत्तरी-पश्चिमी भारत में स्थिति, कर्क रेखा के निकट।
➢ **समुद्र से दूरी:** समुद्र से दूर होने के कारण शुष्क जलवायु।
➢ **उच्चावच लक्षण:** अरावली पर्वतमाला मानसून को प्रभावित करती है।
➢ **वायुमण्डलीय संचरण:** पश्चिमी विक्षोभ, मानसून और स्थानीय हवाएँ जलवायु को प्रभावित करती हैं।

**27. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **अल्फीसोल्स मृदा मध्यम** उपजाऊ होती है और इसमें मिट्टी का संचयन (clay accumulation) होता है। यह राजस्थान के पूर्वी और दक्षिणी जिलों जैसे **जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली, टोंक, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़** में पाई जाती है। यह लाल-पीली या भूरी मृदा के रूप में प्रकट होती है।
➢ **एन्टीसोल:** नवगठित मृदा, कम विकसित।
➢ **इनसेप्टीसोल्स:** प्रारंभिक मृदा, अरावली क्षेत्र में।
➢ **वर्टीसोल्स:** काली मृदा, कोटा-बूंदी में।

**28. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **लाल पीली मृदा:** लौह अंश (II) की मौजूदगी के कारण लाल-पीला रंग, सिरोही, उदयपुर में।
➢ **मरुस्थली मृदा:** जल धारण एवं शोषण क्षमता कम (III), रेतीली, जैसलमेर में।
➢ **काली मृदा: चीका** प्रधान (IV), कोटा, बूंदी में।
➢ **जलोढ़ मृदा:** रेतीली दोमट संरचना (I), उपजाऊ, भरतपुर में।

**29. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ अंतःप्रवाह नदियाँ समुद्र तक नहीं पहुंचतीं। वे रेत या जमीन में गायब हो जाती हैं।
➢ जाखम नदी अंतःप्रवाह प्रणाली के अंतर्गत नहीं है। यह **प्रतापगढ़** से निकलकर माही नदी में मिलती है।
➢ जाखम नदी पर **जाखम बांध (81 मीटर)** स्थित है, जो कि **राजस्थान का सबसे ऊँचा बांध** है।
➢ **कांतली, काकनी और घग्घर** अंतःप्रवाह नदियाँ हैं। ये राजस्थान में रेत में गायब हो जाती हैं।
➢ कांतली सीकर, काकनी जैसलमेर और घग्घर हनुमानगढ़ में बहती हैं।

**30. [b]**

**व्याख्या:-**

- ➢ कथन 1 सही है। लूनी नदी का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है। लूनी नदी की कुल लम्बाई 495 कि.मी. है, जबकि राजस्थान में यह 330 कि.मी. लम्बी है।
- ➢ कथन 2 सही है। खारी नदी बनास की सहायक नदी है। यह राजसमंद से निकलती है।
- ➢ कथन 3 सही है। बनास नदी खमनौर पहाड़ियों (कुम्भलगढ़) से निकलती है।

**31. [a]**

**व्याख्या:-**

- ➢ **सांभर झील** भारत की सबसे बड़ी **स्थलबद्ध (Inland) खारे पानी** की झील है।
- ➢ **स्थान-** जयपुर जिले के फुलेरा तहसील में स्थित है, जो जयपुर से 70 किमी. दूर है।
- ➢ **क्षेत्र-** सांभर झील का विस्तार जयपुर, डीडवाना – कुचामन और अजमेर जिलों में है।
- ➢ **आकार-** झील लगभग आयताकार है, जिसकी लम्बाई 32 किमी. और चौड़ाई 3 से 15 किमी. तक है।
- ➢ **नमक उत्पादन**- भारत के कुल नमक उत्पादन का लगभग 8.7% सांभर झील से आता है।

**32. [c]**

**व्याख्या:-**

- ➢ माही बाँध - माही नदी: सही, बांसवाड़ा में।
- ➢ जवाई बाँध - जवाई नदी: सही, पाली में।
- ➢ मेजा बाँध - मेज नदी: गलत, मेजा बाँध कोठारी नदी (बनास की सहायक) पर भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में बना है, न कि मेज नदी पर।
- ➢ दांतीवाड़ा बाँध - बनास नदी: सही, बनास नदी पर बनासकांठा (गुजरात) में।

**33. [c]**

**व्याख्या:-**

- ➢ तालाब राजस्थान में परंपरागत जल संरक्षण की विधि नहीं है। यह सामान्य जलाशय है, जो प्राकृतिक या कृत्रिम हो सकता है।
- ➢ नाड़ी (छोटे तालाब), खड़ीन (वर्षा जल संचयन), और टांका (भूमिगत जलाशय) राजस्थान की परंपरागत जल संरक्षण संरचनाएँ हैं।

**34. [b]**

**व्याख्या:-**

- ➢ माही बजाज सागर परियोजना बांसवाड़ा के बोरखेड़ा में माही नदी पर स्थित है।
- ➢ यह राजस्थान और गुजरात की संयुक्त परियोजना है।
- ➢ इसमें दो बाँध हैं: माही बजाज सागर (बांसवाड़ा) और कडाना (गुजरात)।

**35. [a]**

**व्याख्या:-**

- ➢ **बीसलपुर बाँध –** बनास नदी पर टोंक जिले के टोडारायसिंह क्षेत्र में स्थित है।
- ➢ **अरवार बाँध –** खारी नदी पर भीलवाड़ा जिले में स्थित है।
- ➢ **जवाहर सागर बाँध –** चंबल नदी पर कोटा के बोरावास गांव में स्थित है।
- ➢ **मेज़ा बाँध –** कोठारी नदी पर भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़ में स्थित है।

**36. [c]**

**व्याख्या:-**

- ➢ शुष्क सागवान वन डूंगरपुर और बाँसवाड़ा जिलों में पाए जाते हैं।
- ➢ इन्हें चौड़ी पत्ती वाले वन कहा जाता है।
- ➢ ये वन दक्षिणी राजस्थान के अपेक्षाकृत नम क्षेत्रों में फैले हैं, जहाँ 75-110 सेमी वर्षा होती है।
- ➢ पश्चिमी राजस्थान में शुष्क कंटीले वन, जबकि अलवर-भरतपुर में मिश्रित पतझड़ वन आम हैं।

**37. [d]**

**व्याख्या:-**

- ➢ शुष्क वन: जैसलमेर (काकनी नदी क्षेत्र में खेजड़ी सहित) ।
- ➢ सदाबहार वन: माउंट आबू (उपोष्ण कटिबंधीय, उच्च वर्षा) ।
- ➢ मिश्रित पतझड़ वन: अलवर (अरावली क्षेत्र) ।
- ➢ शुष्क सागवान वन: बाँसवाड़ा (नम जलवायु) ।

**38. [a]**

**व्याख्या:-**

- ➢ रामगढ़-विषधारी अभयारण्य बूंदी जिले में स्थित है और बाघ संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है।
- ➢ इसे 1982 में अभयारण्य घोषित किया गया और 2022 में राजस्थान का चौथा बाघ परियोजना बनाया गया।

**39. [b]**

**व्याख्या:-**

**बंध बरेठा अभयारण्य (भरतपुर)**

- ➢ प्रमुखतः मगरमच्छ व पक्षियों के लिए प्रसिद्ध।

**वन विहार अभयारण्य (धौलपुर)**

- ➢ चंबल नदी के समीप, मगरमच्छ और घड़ियाल संरक्षण के लिए प्रसिद्ध।

**बस्सी अभयारण्य (चित्तौड़गढ़)**

- ➢ जंगली जानवर जैसे नीलगाय, सियार, लोमड़ी के लिए प्रसिद्ध।

**जयसमंद अभयारण्य (उदयपुर)**

- ➢ एशिया का दूसरा सबसे बड़ा कृत्रिम झील जयसमंद के किनारे स्थित, मगरमच्छ और पक्षियों के लिए प्रसिद्ध।

**40. [d]**

**व्याख्या:-**

- ➢ राजस्थान को 10 कृषि–जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया गया है।
- ➢ यह विभाजन सिंचाई उपलब्धता मृदा की उर्वरता जलवायु आदि के आधार पर किया गया है।
- ➢ प्रत्येक क्षेत्र की कृषि संभावनाएँ अलग हैं।
- ➢ यह विभाजन कृषि योजना में सहायक है।

**41. [a]**

**व्याख्या:-**

- ➢ स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में स्थित है।
- ➢ यह कृषि अनुसंधान और शिक्षा का प्रमुख केंद्र है।

➢ 2024-25 में विश्वविद्यालय को तकनीकी नवाचार के लिए बजट मिला।

**राजस्थान के प्रमुख कृषि विश्वविद्यालय**

| क्र सं. | विश्वविद्यालय | स्थित | स्थापना |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय | बीछवाल (बीकानेर) | 1987 |
| 2. | महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय | उदयपुर | 1999 |
| 3. | श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय | जोबनेर (जयपुर) | 2013 |
| 4. | कृषि विश्वविद्यालय | मंडोर (जोधपुर) | 2013 |
| 5. | कृषि विश्वविद्यालय | बोरखेड़ा (कोटा) | 2013 |

**42. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ मगरा, चोकला, जैसलमेरी और मालपुरा राजस्थान की प्रमुख भेड़ की नस्लें हैं।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ भेड़: नाली; गौवंश: सांचोरी; भैंस: सूरती; बकरी: बरबरी। अत: विकल्प (c) इसका सही उत्तर है।

➢ **राजस्थान की प्रमुख भेड़ की नस्लें -**

➢ मगरा भेड़, मारवाड़ी भेड़, चोकला भेड़, सोनारी भेड़, जैसलमेरी भेड़, खेरी भेड़, बागड़ी भेड़, मालपुरा भेड़, पूगल भेड़, नाली भेड़ आदि।

➢ **राजस्थान में गाय की प्रमुख नस्लें -**

➢ गिर, थारपारकर, कांकरेज, राठी, मालवी, मेवाती, नागौरी आदि।

**44. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **राजस्थान खनिज (Mineral)नीति 2024 लागु –**

➢ 09 दिसंबर 2024 (राइज़िंग राजस्थान समिट के दौरान )

➢ **राजस्थान खनिज (Mineral)नीति 2024 के लक्ष्य :**

1. **मौजूदा 0.68%** खनिज (Mineral)रियायत क्षेत्र को **2029-30** तक **1.0%** और **2046-47 तक 2.0%** तक विस्तारित करना
2. वर्तमान में **58 प्रकार** के खनिजों का खनन किया जा है जिसे **2047 तक 70 करना।**
3. प्रदेश की जीडीपी में खनिज (Mineral)क्षेत्र का वर्तमान योगदान **3.4 %** है जिसे बढ़ाकर **2029 – 30 तक 5 %** और **2046 – 47 तक 8 %** करना।
4. राज्य के राजस्व को **2029 – 30 तक 3 गुना** एवं **2047 तक 1 लाख करोड़** रुपए तक पहुंचाना।
5. **2029 – 30 तक 50 लाख** एवं **2047 तक 1 करोड़** रोजगार लक्ष्य।
6. नीलामी के लिए अधिक **पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस** (पीईएल) ब्लॉक बनाने में केंद्र सरकार की सहायता करना।

**45. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **भीलवाड़ा** में प्राकृतिक गैस (Natural Gas) पाइपलाइन गुजरती है, जो औद्योगिक और घरेलू उपयोग के लिए महत्वपूर्ण है।

➢ राजस्थान में **हज़िरा–विजयपुर–जगदीशपुर (HVJ) गैस पाइपलाइन** और **दाभोल–पानिपत गैस पाइपलाइन** जैसी प्रमुख पाइपलाइनों का विस्तार हुआ है।

➢ **भीलवाड़ा** जिला इस गैस पाइपलाइन नेटवर्क का हिस्सा है, जिससे **प्राकृतिक गैस (Natural Gas)** की आपूर्ति औद्योगिक इकाइयों, खासकर **टेक्सटाइल और स्टील उद्योगों** को की जाती है।

➢ यह पाइपलाइन **गेल (GAIL)** द्वारा संचालित है और राजस्थान के विभिन्न भागों को जोड़ती है।

**46. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ राजस्थान में पहली ट्रेन **20 अप्रेल 1874** में आगरा से बांदीकुई के बीच दौड़ी थी। शुरुआत में भांप के इंजन से ट्रेन चलाई गई थी।

➢ यह रेलमार्ग ब्रिटिश काल में राजपूताना-मालवा रेलवे का हिस्सा था।

➢ बांदीकुई एक महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन था।

➢ बांदीकुई-आगरा रेलमार्ग राजस्थान और उत्तरप्रदेश के कई बड़े शहरों को जोड़ता हैं। वर्ष 2005-06 में इस ट्रैक को नैरोगेज से ब्रॉडगेज में बदल गया था और अब इस ट्रैक का विद्युतीकरण हो गया है।

**47. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ **आमेर किला, जयपुर -** इस दुर्ग में शीशमहल, शिला माता मंदिर, दीवाने आम, दीवाने खास, दिलखुश महल, **24** रानियों का महल, बुखारा गार्डन, **दिलाराम का बाग**, सुहाग मंदिर, यश महल आदि दर्शनीय स्थल हैं।

➢ **तारागढ़, अजमेर -** इस दुर्ग के भीतर प्रसिद्ध मुस्लिम **संत मीरान साहब की दरगाह** है। यह दरगाह तारागढ़ के प्रथम गवर्नर मीर हुसैन खिंगसवार की है।

➢ **गागरोण, झालावाड़ -** इस दुर्ग में खुरासान से गागरोण आये सूफी संत '**मिट्ठे साहब की दरगाह**' तथा औरंगजेब द्वारा निर्मित **बुलन्द दरवाजा** भी स्थित है।

➢ **मेहरानगढ़, जोधपुर - चामुण्डा माता का मंदिर-** मेहरानगढ़ दुर्ग में राठौड़ राजवंश की आराध्य देवी **चामुण्डा माता का मंदिर** है, जिसका निर्माण **राव जोधा** द्वारा करवाया गया।

**48. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ उपनाम – **बावनगढ़ का लाडला**

➢ बाला किला अलवर जिले में स्थित हैं। इस दुर्ग को कुंवारा दुर्ग ,अलवर दुर्ग भी बोला जाता है।

- किले की प्राचीर लगभग 9 किमी. की परिधि में है जिसमें 15 बड़ी बुर्जे तथा 52 छोटी बुर्जे बनी हुई हैं।
- किले की दूसरी रक्षापंक्ति के रूप में आठ बुर्जे हैं, जिनमें काबुल, खुर्द और नौगुजा बुर्ज प्रमुख हैं।
- किले के भीतर निकुंभ शासकों द्वारा निर्मित महल परंपरागत हिन्दू स्थापत्य के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।
- सलीम सागर तालाब तथा सूरजकुण्ड किले के प्रमुख जलस्रोत हैं।

**49. [c]**

**व्याख्या:-**

**रंगमहल**

- **निर्माण-** बूँदी महाराव छत्रशाल द्वारा निर्मित प्रसिद्ध महल है।
- यह महल **भित्ति चित्रों** के लिए प्रसिद्ध है।
- इस महल की भित्ति चित्रों में धार्मिक, ऐतिहासिक एवं शिकार संबंधी दृश्य चित्रित किये गये हैं।

**50. [b]**

**व्याख्या:-**

- **84 खंभों की छतरी**
- बूँदी में देवपुरा नामक स्थान पर इस छतरी का निर्माण राव राजा अनिरुद्ध सिंह ने **धाबाई देवा गुर्जर** की स्मृति में करवाया।
- **मामा-भांजे की छतरी**
- यह **10 खंभों की छतरी** है।
- यह **मेहरानगढ़ दुर्ग** में स्थित है।
- यह छतरी धन्ना गहलोत तथा भीयां चौहान की है, जो आपस में मामा-भांजे थे।
- **ब्राह्मण देवताओं की छतरी**
- मंडोर में पंचकुण्ड के निकट **लाल बुलई पत्थर** की छतरी।
- मेहरानगढ़ दुर्ग के तांत्रिक अनुष्ठान में जिस ब्राह्मण ने आत्म बलिदान दिया, यह छतरी उसे समर्पित है।
- **कुंवर पृथ्वीराज की छतरी**
- पृथ्वीराज सिसोदिया की 12 खंभों की छतरी भी कुंभलगढ़ किले में स्थित है।

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

- मेड़तणीजी की **बावड़ी झुन्झुनूं** स्थित है।
- मेड़तणी जी की बावड़ी का निर्माण झुंझुनूं के शासक शार्दुल सिंह शेखावत की रानी बखत कंवर ने करवाया था।

**52. [d]**

**व्याख्या:-**

- **ज्वाला माता मंदिर** – जोबनेर, जयपुर
- यह एक प्राचीन एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ है।
- **त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर** – उमराई, तलवाड़ा, बाँसवाड़ा
- बाँसवाड़ा-डूँगरपुर मार्ग पर स्थित यह मंदिर देवी त्रिपुरा सुन्दरी को समर्पित है।
- **द्वारकाधीश मंदिर – कांकरोली, राजसमंद**
- भगवान कृष्ण को समर्पित प्रसिद्ध मंदिर।
- **श्रीनाथजी मंदिर – नाथद्वारा, राजसमंद**
- नाथद्वारा, राजसमंद जिले में स्थित है और वैष्णव भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- **सुंधा माता मंदिर** – सुंधा पर्वत, जालौर
- यह मंदिर अरावली पर्वतमाला के सुंधा पर्वत पर स्थित है।
- समुद्र तल से 1220 मीटर की ऊँचाई पर स्थित, यहाँ चामुंडा देवी की प्रतिमा है।
- **आई माता समाधि स्थल (बढेर) – बिलाड़ा**
- सीरवी जाति के क्षत्रियों की कुलदेवी 'आई माता' का समाधि स्थल है।

**53. [a]**

**व्याख्या:-**

- **तेजाजी**
- जन्म - खरनाल में नागवंशीय जाट में हुआ।
- मेला - प्रतिवर्ष तेजादशमी (भाद्रपद शुक्ला दशमी) को परबतसर में भव्य पशु मेला भरता है।
- **सर्प ने डसा, सेंदरिया गाँव में मृत्यु हुई,** सुरसुरा जहां इनकी पत्नि पेमल सती हुई।

**54. [b]**

**व्याख्या:-**

- **सिंहथल शाखा (बीकानेर) -** संस्थापक संत हरिराम दास जी
- **रैण शाखा रैण (नागौर) -** संस्थापक संत दरियाव जी।
- **खेड़ापा शाखा (जोधपुर) -** संस्थापक संत रामदास जी**।**
- **शाहपुरा शाखा -** संस्थापक संत रामचरण जी ।

**55. [c]**

**व्याख्या:-**

- गणगौर पर्व के दौरान, होली की राख से बनी पिंडियों (केक) की **जौ के अंकुरों के साथ पूजा की जाती** है, जो राजस्थान में एक महत्वपूर्ण परंपरा है।

**56. [a]**

**व्याख्या:-**

- **वल्लभ सम्प्रदाय** का सर्वाधिक प्रभाव होने के कारण कृष्ण-लीलाओं का अधिक चित्रण हुआ।
- **किशनगढ़ चित्रकला की विशेषताएँ -** महिला सौंदर्य का चित्रण, गुलाबी तथा सफेद रंग का प्रयोग, हाशिये में हल्के गुलाबी रंग का प्रयोग, केले के पेड़, हंस, सरोवर तथा वेसरि (नाक का आभूषण) का चित्रण। कमल से भरे हुए सरोवर
- **प्रमुख चित्रकार -** मोरध्वज निहालचन्द, अमीरचन्द, सूरध्वज, लाडलीदास, सीताराम, सवाईराम, रामनाथ, बदन सिंह भवानीदास एवं कल्याणदास ।

**57. [b]**

**व्याख्या:-**

- **बेवाण**
- बेवाण लकड़ी का एक छोटा मंदिर होता है, जिसे **मिनिएचर वुड टेम्पल** कहा जाता है।
- यह लकड़ी से बना एक सिंहासन होता है, जिसे ठाकुरजी की मूर्ति के लिए एक लघु मंदिर के रूप में इस्तेमाल किया जाता है.
- **अनंत चतुर्दशी और देवझूलनी एकादशी** को बेवाण निकालने की परंपरा सदियों से चली आ रही है।

**58. [b]**

**व्याख्या:-**

- गवरी नृत्य नाटिका केवल पुरुषों द्वारा प्रदर्शित की जाती है।
- रक्षाबंधन के दूसरे दिन से ठीक **चालीसवें दिन अलावण–वलावण पर्व** के साथ गवरी का समापन किया जाता है।

**59. [c]**

**व्याख्या:-**

- **घोड़ी**
- लड़के के विवाह पर निकासी पर गाए जाने वाले गीत।
- जला गीत - वधू के घर से स्त्रियाँ जब वर की बरात का डेरा देखने जाती है, तब यह गीत गाया जाता है।

**60. [a]**

**व्याख्या:-**

- **चौतारा (तंदूरा/वीणा)**
- यह तानपूरे के जैसा चार तारों वाला वाद्ययंत्र है, किन्तु इसके तारों को मिलाने का क्रम उल्टा होता है।
- वादक इसे बाएँ हाथ में पकड़कर दाहिने हाथ की पहली उंगुली में मिजराफ पहनकर बजाता है।
- यह वाद्ययंत्र **मुख्य रूप से कामड़ जाति द्वारा रामदेवजी के भजन गाते समय बजाया** जाता है।
- यह सम्पूर्ण रूप से रोहिड़ा की लकड़ी का बनता है। इसका तुम्बा भी लकड़ी का होता है।

**61. [d]**

**व्याख्या:-**

- अंगोटिया कान में पहना जाता है।
- मांदल्या गले में पहना जाता है।
- दामणा अंगुलियाँ में पहना जाता है।
- कन्दोरा कमर पर पहना जाता है।

**62. [d]**

**व्याख्या:-**

- **कवि सूर्यमल्ल मीसण**
- आधुनिक राजस्थानी साहित्य के कवि एवं नवजागरण के प्रथम कवि।
- यह बूँदी के शासक महाराव रामसिंह-द्वितीय के दरबारी कवि थे।
- **प्रमुख ग्रन्थ**

  i. वंश भास्कर ii. वीर सतसई iii. बलवंत विलास
  iv. रामजाट/रामरंजाट v. छंद मयूख vi. सती रासो
  vii. धातु रुपावली

**63. [d]**

**व्याख्या:-**

- 'कोंकण तट' (Konkan Coast) महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले से बंगलौर (कर्नाटक) तक विस्तृत हैं इसे दमन से गोवा तक भी फैला हुआ माना जाता है।
- पश्चिमी तटीय मैदान का दक्षिणी भाग गोवा से कुमारी अंतरीप तक का तट 'मालाबार तट' (Malabar Coast) के नाम से जाना जाता है।

**64. [a]**

**व्याख्या:-**

- मध्य प्रदेश की प्रमुख नदियाँ : नर्मदा, सोन, चंबल, बेतवा, केन, ताप्ती, सिंध, क्षिप्रा, तवा, पार्वती और टोंस मध्य प्रदेश की कुछ प्रमुख नदियाँ हैं।

**65. [b]**

**व्याख्या:-**

- धूसर क्रांति: धूसर क्रांति उर्वरक उत्पादन में वृद्धि से संबंधित है।
- यह मूल रूप से भारत की हरित क्रांति के बुरे प्रभावों से जुड़ा है, जो इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि अगर नए कृषि उपकरण गलत हो जाते हैं तो क्या किया जा सकता है?
- गुलाबी क्रांति: "गुलाबी क्रांति" का अर्थ प्याज, औषधि और झींगे के उत्पादन में क्रांति से है।
- भूरी क्रांति : चमड़ा, कोको, गैर-पारंपरिक उत्पाद
- वस्तु: कृषि उत्पादों में विविधीकरण
- पीत क्रांति : तिलहन उत्पादन (विशेषकर सरसों और सूरजमुखी)
- वस्तु: सरसों और सूरजमुखी, खाद्य तेल का उत्पादन
- जनक: सैम पित्रोदा

**66. [b]**

**व्याख्या:-**

- देश में मैंगनीज अयस्क का सर्वाधिक भंडार ओडिशा में है जबकि सर्वाधिक मैंगनीज उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश है।
- मध्य प्रदेश भारत में मैंगनीज का सबसे बड़ा उत्पादक है।
- लोहे के निर्माण के लिए मैंगनीज की आवश्यकता होती है। इसका उपयोग ब्लीचिंग पाउडर, कीटनाशकों और पेंट के उत्पादन के लिए भी किया जाता है।
- इसका उपयोग धातु बनाने के लिए किया जाता है।

**67. [c]**

**व्याख्या:-**

- प्रशांत महासागर विश्व का सबसे बड़ा एवं गहरा महासागर है। इसका क्षेत्रफल 16.5 करोड़ वर्ग किमी. है।
- जो सम्पूर्ण जल भाग का लगभग 45.81% भाग है।
- इस महासागर का क्षेत्रफल एशिया की तुलना में लगभग चार गुना है।
- प्रशांत महासागर का उत्तरी भाग सबसे गहरा है। फिलीपाइन्स के पश्चिम में मेरियाना ट्रेंच या खाई संसार का सबसे गहरा गर्त है। जल मण्डल का सबसे गहरा बिन्दु 'चैलेन्जर डीप' है जो कि प्रशान्त महासागर के मेरियाना-दैन्ब का ही एक भाग है।

**68. [c]**

**व्याख्या:-**

- टोरंटो, कनाडा का सबसे बड़ा शहर है। यह ओंटारियो की राजधानी भी है। टोरंटो में सबसे ज़्यादा आबादी रहती है।
- एथेंस, ग्रीस का सबसे बड़ा शहर है. यह यूनान की राजधानी भी है. एथेंस, दुनिया के प्राचीनतम शहरों में से एक है।
- नाइजीरिया का सबसे बड़ा शहर लागोस है। यह नाइजीरिया के पश्चिमी तट पर स्थित है।
- दमिश्क, सीरिया का सबसे बड़ा शहर है। यह सीरिया की राजधानी भी है।

**69. [b]**

**व्याख्या:-**

- ग्रेट डिवाइडिंग रेंज ऑस्ट्रेलिया में स्थित है। इसकी सबसे ऊंची चोटी माउंट कोसियस्ज़को है, यह एक बर्फीले पहाड़ है जो ऑस्ट्रेलिया की मुख्य भूमि से 2800 मीटर ऊँचे हैं।
- पर्वत श्रृंखला उत्तर से दक्षिण तक 3500 किमी तक फैली हुई है।

**70. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारत सरकार अधिनियम, 1919 की विशेषताएं ये रहीं:
- इस अधिनियम ने देश में पहली बार द्विसदनीयता और प्रत्यक्ष चुनाव की शुरुआत की।
- इस अधिनियम ने प्रांतों में द्वैध शासन की शुरुआत की।

➢ इस अधिनियम ने सिविल सेवकों की भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान किया।
➢ इस अधिनियम ने केंद्र और प्रांत दोनों स्तरों पर शासन में सुधार किए।
➢ इस अधिनियम ने केंद्रीय विधायिका को ज़्यादा ताकतवर और जवाबदेह बनाया।

**71. [a]**

**व्याख्या:-**
➢ भारतीय संविधान सभा वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी।
➢ यह कई समितियों के माध्यम से कार्य करती थी जिनमें से प्रत्येक में एक अलग कार्य होता था।
➢ भारत का संविधान लिखने के लिए भारत की संविधान सभा का चुनाव किया गया था।
➢ इसे 'प्रांतीय विधानसभा' द्वारा चुना गया था।

**72. [c]**

**व्याख्या:-**
➢ संविधान केंद्र और राज्यों के बीच विधायी विषयों के तीन गुना वितरण का प्रावधान करता है, अर्थात सातवीं अनुसूची में सूची- I (संघ सूची), सूची- II (राज्य सूची) और सूची- III (समवर्ती सूची)

**73. [a]**

**व्याख्या:-**
➢ धर्मनिरपेक्षता : प्रस्तावना में भारत को "धर्मनिरपेक्ष" राज्य घोषित करने पर जोर दिया गया है कि राज्य का कोई आधिकारिक धर्म नहीं है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी धर्मों के साथ समान सम्मान से व्यवहार किया जाए।
➢ न्याय : प्रस्तावना सभी नागरिकों के लिए "सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय" सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
➢ स्वतंत्रता : प्रस्तावना सभी नागरिकों को "विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और पूजा की स्वतंत्रता" की गारंटी देती है।
➢ बंधुत्व: प्रस्तावना में " बंधुत्व" शब्द का समावेश भारत के विविध लोगों के बीच एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की आकांक्षा को दर्शाता है।

**74. [d]**

**व्याख्या:-**
➢ **अनुच्छेद 14 :** राज्य भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता से या कानूनों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।
➢ **अनुच्छेद 16 (3)** : इस अनुच्छेद की कोई बात संसद को कोई ऐसी विधि बनाने से निवारित नहीं करेगी जो [किसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार के या उसमें के किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकारी के अधीन वाले किसी वर्ग या वर्गों के पद पर नियोजन या नियुक्ति के संबंध में ऐसे नियोजन या नियुक्ति से पहले उस राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के भीतर निवास विषयक कोई अपेक्षा विहित करती है।]
➢ **अनुच्छेद 16 (4) :** इस अनुच्छेद की कोई बात राज्य को पिछड़े हुए नागरिकों के किसी वर्ग के पक्ष में, जिनका प्रतिनिधित्व राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त नहीं है, नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिए उपबंध करने से निवारित नहीं करेगी।
➢ **अनुच्छेद 18(1) :** राज्य, सेना या विद्या संबंधी सम्मान के सिवाय और कोई उपाधि प्रदान नहीं करेगा।

**75. [a]**

**व्याख्या:-**

| वेद | ब्राह्मण | अरण्यक | उपनिषद |
|---|---|---|---|
| ऋग्वेद | ऐतरेय | ऐतरेय | ऐतरेय |
| सामवेद | पंचविश, जैमिनीय | छान्दोग्य, जैमिनीय | छान्दोग्य |
| यजुर्वेद | शतपथ | वृहदारण्यक | वृहदारण्य |
| अथर्ववेद | गोपथ | कोई नहीं | मुण्डक |

**76. [a]**

**व्याख्या:-**
➢ 26 दिसंबर 1907 को ताप्ती नदी के तट पर कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में कांग्रेस ने 1600 प्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस में विभाजन देखा। इस घटना को 'सूरत विभाजन' के नाम से जाना जाता है।

**77. [b]**

**व्याख्या:-**
➢ महर्षि कणाद वैशेषिक नामक वैदिक दर्शनशास्त्र के संस्थापक थे।
➢ इस सिद्धांत के अनुसार, भौतिक दुनिया की प्रत्येक वस्तु एक निश्चित संख्या के अणुओं से बनी है।
➢ कणाद ने परमाणुओं को अविनाशी कण माना और कहा कि वे दो अवस्थाओं में हो सकते हैं: पूर्ण विश्राम और गति।
➢ आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत की स्थापना की, जो वेदांत दर्शन की एक शाखा है। अद्वैत वेदांत का अर्थ है एक तत्व। आदि शंकराचार्य के अनुसार, ब्रह्म (निर्गुण ईश्वर) ही एकमात्र सत्य है और आत्मा ब्रह्म का ही रूप है।
➢ गौतम न्याय दर्शन के प्रवर्तक थे। उन्होंने न्याय सूत्र की रचना की, जो न्याय दर्शन का सबसे प्राचीन ग्रन्थ है। न्याय सूत्र छठी शताब्दी ईसा पूर्व और दूसरी शताब्दी ईस्वी के बीच लिखा गया था।

**78. [b]**

**व्याख्या:-**
➢ **विक्रम संवत्** 57 ई. पूर्व में उज्जयिनी के किसी विक्रमादित्य नामक शासक द्वारा प्रचलित जिसे मालव संवत् के नाम से भी जाना जाता है।
➢ **शक संवत् :** 78 ई. में कनिष्क द्वारा प्रचलित। इसे ही दक्षिणी भारत में शालीवाहन स्कन्द के नाम से जाना जाता है।
➢ **गुप्त संवत् :** 319 ई. में प्रचलित। अलबरूनी के विवरण के अनुसार इस संवत् का प्रारम्भ 319 ई. तथा जैन ग्रन्थ तिलोध पणाति के आधार पर 320 ई. ज्ञात होता है।
➢ **हिजरी संवत् :** हजरत अली रजि, की राय से हिजरी की शुरुआत 622 ई. में, मुहम्मद साहब ने मक्का से मदिना की यात्रा के समय से इसका आरम्भ माना गया।

**79. [d]**

**व्याख्या:-**
➢ फतेहपुर सीकरी के हरम सरा खंड में महिलाओं के महल यानी हरम सारा होता है। फतेहपुर सीकरी में मौजूद कुछ और इमारतें ये रहीं : जोधा बाई का महल, मरियम का महल, बीरबल का महल, तुर्की सुल्ताना का महल, पंच महल, दीवान-ए-खास, स्वर्ण महल, दीवाने आम

**80. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ 'भगवद भक्ति रसायन' एक भक्ति साहित्य की प्रसिद्ध काव्य रचना है, जिसके लेखक गोकुलदास थे। यह ग्रंथ हिन्दी भक्ति आंदोलन की धारा से जुड़ा हुआ है, जिसमें भगवान के प्रति निष्ठा, प्रेम और समर्पण का भाव प्रकट किया गया है।

**81. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ **मोडसे:** यह नागालैंड का पारंपरिक नृत्य है जो नागा समुदाय द्वारा किया जाता है।

➢ **थौगल जागोई:** यह मणिपुर राज्य का एक प्रमुख लोक नृत्य है, जो मुख्य रूप से महिलाएं करती हैं और इसमें प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति होती है।

➢ **होजागिरी:** यह त्रिपुरा राज्य का लोक नृत्य है, जिसे मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय द्वारा किया जाता है।

➢ **खुल्लम:** यह मिजोरम राज्य का लोक नृत्य है, जो मिजो समुदाय द्वारा किया जाता है और इसमें विशेष रूप से पारंपरिक गीतों का समावेश होता है।

**82. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ बोरोबुदूर मंदिर, जो इंडोनेशिया में स्थित है, बौद्ध धर्म के लिए समर्पित है।

➢ यह दुनिया का सबसे बड़ा बौद्ध मंदिर है और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भी है।

**83. [d]**

**व्याख्या:-**

➢ लियोनार्डो दा विंची (Leonardo da Vinci) रीनैसां काल के महान इतालवी चित्रकार, वैज्ञानिक और आविष्कारक थे। उन्होंने अपनी कला और विज्ञान के योगदान से पश्चिमी सभ्यता को काफी प्रभावित किया। उनके चित्र और कला के कार्य विश्वभर में प्रसिद्ध हैं।

➢ उनके द्वारा बनाई गई प्रमुख चित्रों में शामिल हैं:

➢ **मोनालिसा (Mona Lisa):**

➢ यह लियोनार्डो दा विंची का सबसे प्रसिद्ध चित्र है, जो पेरिस के लूव्र म्यूज़ियम में रखा हुआ है। यह चित्र एक महिला का है, जिसमें उसकी मृदुल मुस्कान और रहस्यमय हावभाव हैं। यह चित्र कला का प्रतीक माना जाता है और इसे कभी कभी "लौव्र की रानी" भी कहा जाता है।

➢ **द लास्ट सपर (The Last Supper):**

➢ यह चित्र इटली के मिलान स्थित चर्च सैंटा मारिया डेल ग्रेज़िए में स्थित है। इस चित्र में, लियोनार्डो ने ईसा मसीह और उनके शिष्यों के साथ अंतिम भोज को चित्रित किया है। यह चित्र भी बहुत प्रसिद्ध है और इसका धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है।

➢ **वर्जिन ऑफ द रॉक्स (Virgin of the Rocks):**

➢ इस चित्र में, लियोनार्डो ने वर्जिन मैरी और बच्चे यीशु को चित्रित किया है, जिसमें एक गुफा का दृश्य है। यह चित्र दो संस्करणों में उपलब्ध है - एक लंदन में और दूसरा पेरिस में

**84. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ कीव, यूक्रेन की राजधानी है। यह यूक्रेन का सबसे बड़ा शहर भी है। कीव, नीपर नदी के किनारे उत्तर-मध्य यूक्रेन में स्थित है।

➢ टोगो की राजधानी लोम है।

➢ तंजानिया की राजधानी डोडोमा है।

➢ यूगांडा की राजधानी कंपाला है।

**85. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ शैक्षिक मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति होती है, क्योंकि इसमें अनुसंधान और अध्ययन के लिए वैज्ञानिक विधियों व प्रविधियों का प्रयोग होता है।

➢ यह शिक्षण-अधिगम परिस्थितियों में व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और नियंत्रित करने में सहायक होता है।

➢ इसके सिद्धांत सुव्यवस्थित नियमों द्वारा समर्थित होते हैं।

➢ यह व्यवहार के आकलन के लिए वस्तुनिष्ठता पर बल देता है।

**86. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ **प्रक्षेपी/प्रक्षेपण विधियाँ-**

➢ सर्वप्रथम प्रयोग करने वाले सिगमण्ड फ्रायड है। इन विधियों का प्रयोग व्यक्ति के अवचेतन और अचेतन मन में दमित, अतृप्त इच्छाओं, कुंठाओं का अध्ययन और पता लगाने के लिए किया जाता है।

➢ प्रक्षेपण विधियों का प्रथम प्रयोग मानसिक मनोरचना के रूप में हुआ है, यह फ्रायड ने किया और इन्हें रक्षातंत्र कहा। ये तकनीक/विधियाँ आरोपण अथवा प्रक्षेपण प्रक्रिया पर आधारित हैं। इनमें किसी चित्र या परिस्थिति प्रदान करके उस पर अपने विचार, संवेगों तथा गुणों की अभिव्यक्ति कराई जाती है।

➢ **प्रमुख प्रक्षेपी विधियाँ –**

➢ **शब्द साहचर्य परीक्षण-** प्रतिपादक- गाल्टन,1879

➢ शब्द साहचर्य परीक्षण में, परीक्षार्थी को एक सूची के रूप में कई शब्द प्रदान किए जाते हैं और उद्दीपन शब्द को सुनने पर उसके मस्तिष्क में सबसे पहले शब्द का तुरंत बिना सोचे-विचारे उच्चारण करना होता है। प्रतिक्रिया समय के अनुसार प्रतिक्रियाओं का उपयोग व्यक्ति के व्यक्तित्व के विश्लेषण के लिए किया जाता है।

➢ **वाक्य पूर्ति परीक्षण (SCT)**

➢ प्रतिपादक - पाईन व टेण्डलर (1930)

➢ इस परीक्षण में जिस व्यक्ति के व्यक्तित्व का परीक्षण करना होता है उस व्यक्ति को कोई अधूरा वाक्य दे दिया जाता है और उन्हें पूरा करने के लिए कहा जाता है।

➢ इनमें अधूरे वाक्यों की एक लम्बी सूची होती है तथा सूची को देखकर रिक्त स्थानों को, शीघ्रता से बिना दुबारा सोचे-समझे पूरा करना होता है।

➢ यह परीक्षण 14-19 वर्ष के बच्चों के लिए उपयुक्त होता है। इस परीक्षण में अधूरे वाक्यों को पूरा करने को कहा जाता है।

➢ जैसे- 1. मैं बहुत खुश होता /होती जब..........
2 मेरे मित्र अक्सर.........

**87. [c]**

**व्याख्या:-**

- **संवेगात्मक बुद्धि के तत्व**
- गोलमैन के अनुसार 5 तत्व EQ (निष्पादन सिद्धान्त)

1. अंतः वैयक्तिक/आत्मजागरूकता/आत्मचेतना-
2. आत्मनियंत्रण –
3. आत्म अभिप्रेरणा-
4. अन्तर्वैयक्तिक प्रबंधन/समानुभूति/परानुभूति
5. सामाजिक दक्षताएँ

**88. [a]**

**व्याख्या:-**

- कक्षा में वैयक्तिक भिन्नताओं (जैसे बुद्धि स्तर, सीखने की शैली, रुचि आदि) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सावधानी बरतनी आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमताएं भिन्न होती हैं। यदि शिक्षक पूरी कक्षा से एक समान दक्षता की अपेक्षा करता है, तो यह भिन्नताओं को नजरअंदाज करने जैसा होगा, जिससे कमजोर विद्यार्थियों में हतोत्साह, असफलता की भावना और कक्षा में असमानता उत्पन्न हो सकती है।

**89. [b]**

**व्याख्या:-**

- **प्रतिगमन (प्रत्यावर्तन) -**
- वर्तमान की परेशानी के कारण दुखी व्यक्ति भूतकाल में जाकर व्यवहार करता है।
- प्रतिगमन एक प्रमुख अहम् रक्षा युक्ति है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है- पीछे की ओर मुड़ना अथवा भूतकाल में जाना।
- जैसे- कष्ट के समय एक वयस्क व्यक्ति भी बालक की तरह रोने लगता है।

**90. [c]**

**व्याख्या:-**

- आयोजन तिथि:- 17 से 19 जनवरी 2025
- संस्करण:- $4^{th}$
- आयोजन स्थान :- जे ई सी सी सीतापुरा जयपुर
- उद्घाटनकर्ता :- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला
- कुल एमओयू राशि:- 10 हजार करोड़ रूपये
- कुल एमओयू संख्या :- 125

**91. [a]**

**व्याख्या:-**

- 38वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाली मोनिका जाट का संबंध राजस्थान के बीकानेर जिले से है। इसका खेल साइक्लिंग है।

**92. [b]**

**व्याख्या:-**

- प्रदेश में बजट 2025–26 के तहत 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**93. [b]**

**व्याख्या:-**

- मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना
- उद्देश्य-युवाओं को करियर और आजीविका में सहायता।
- सहायता राशि-₹10,000 एकमुश्त वित्तीय सहायता।
- शर्त - प्रथम बार संगठित निजी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त करने पर, जिसमें आपका मासिक वेतन 50,000 से अधिक नहीं होना चाहिए

**94. [c]**

**व्याख्या:-**

- बाबा साहब अंबेडकर संबल योजना (14 अप्रैल 2025) SC आबादी 50% से अधिक वाले गांवों के लिए लागू की जाएगी।

**95. [a]**

**व्याख्या:-**

- **प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण**
- शुरुआत:- PMAY-G 1 अप्रैल 2016 को शुरू हुई।
- उद्देश्य:- योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास प्रदान करना है।

**96. [d]**

**व्याख्या:-**

- **ऑपरेशन खुशी:-**
- इसका संचालन राजस्थान पुलिस द्वारा किया गया है
- इसका उद्देश्य गुमशुदा नाबालिक बालक-बालिकाओं की घर वापसी है।
- इस अभियान के 9वे चरण का आयोजन 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक किया गया।

**97. [c]**

**व्याख्या:-**

- "आजू गूजा चिल्ड्रन फेस्टिवल 2025" का आयोजन बीकानेर 22-23 फरवरी 2025 किया गया।

**98. [c]**

**व्याख्या:-**

- 19वां राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित हुआ।

**99. [b]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2025 का राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड संजय व्यास को प्रदान किया गया।

**100. [b]**

**व्याख्या:-**

- **प्रवासी राजस्थानी नीति-**
- 2025 का प्रमुख उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों के योगदान और जुड़ाव को बढ़ाना है।

♦♦♦♦